Australian Government

Workforce Australia
Employment

Hindi | हिंदी

वेतन सब्सिडी

वेतन सब्सिडी पहले से चल रही एक नौकरी में एक योग्य नए कर्मचारी को काम पर रखने की लागत के साथ व्यवसायों की मदद करने के लिए $10,000 तक की राशि का वित्तीय प्रोत्साहन है।

अपनी भर्ती आवश्यकताओं के बारे में रोजगार सेवा प्रदाता* से बात करें। वे आपको एक ऐसे व्यक्ति को खोजने में मदद करेंगे जो आपके व्यवसाय के लिए उपयुक्त है, आपकी पात्रता का आकलन करेंगे और समझाएंगे कि वेतन सब्सिडी समझौता कैसे काम करता है।

क्या मेरा व्यवसाय इसके लिए योग्य है?

एक प्रदाता आपकी पात्रता का आकलन करेगा और यह निर्धारित करेगा कि वेतन सब्सिडी आपके लिए समर्थन का सबसे अच्छा रूप है या नहीं। कम से कम, आपके व्यवसाय को यह करना होगा:

- एबीएन के साथ एक कानूनी इकाई बने
- प्रति सप्ताह कम से कम 15 घंटे काम की पेशकश करने वाला नौकरी का एक निरंतर खाली स्थान है
- व्यवसाय के लिए एक सक्रिय Workforce Australia (वर्कफोर्स ऑस्ट्रेलिया) ऑनलाइन अकाउंट रखना होगा जो myGovID से प्रमाणित हो और व्यवसाय में एक Relationship Authorisation Manager (संबंध प्राधिकरण प्रबंधक) को रखना होगा
- पात्र कर्मचारी के काम शुरू करने के 28 दिनों के भीतर अपने वेतन सब्सिडी समझौते को मंजूरी दें।

कौन से कर्मचारी पात्र हैं?

एक प्रदाता आपको एक ऐसे व्यक्ति को खोजने में मदद करेगा जो आपके व्यवसाय के लिए उपयुक्त है और उनकी पात्रता का आकलन करता है। वेतन सब्सिडी निम्नलिखित के लिए उपलब्ध नहीं हैं:

- परिवार का कोई निकटतम सदस्य
- ऐसा कोई व्यक्ति जिसे आप पहले ही पिछले दो वर्षों में रोज़गार पर रख चुके/की हैं (आपके अन्य व्यवसायों के माध्यम से सहित)
- कोई ऐसा व्यक्ति जिसके लिए आपको अन्य सरकारी धन प्राप्त हुआ है/होगा।

मैं वेतन सब्सिडी कैसे प्राप्त करूं?

आपका पहला कदम एक प्रदाता से बात करना है। आपको myGovID के साथ प्रमाणित व्यवसाय के लिए वर्कफोर्स ऑस्ट्रेलिया ऑनलाइन अकाउंट की भी आवश्यकता होगी। यदि आपके पास कोई खाता नहीं है, तो एक प्रदाता आपको एक खाता खोलने में मदद कर सकता है। आपको अपने वेतन सब्सिडी समझौते को मंजूरी देने और प्रबंधित करने के लिए अपने खाते की आवश्यकता होगी।

प्रदाता आपके साथ आपके वेतन सब्सिडी समझौते की शर्तों पर बातचीत कर सकता है। इसमें शामिल हो सकते हैं:

- उपलब्ध अधिकतम राशि ($10,000 तक)
- प्रत्येक सप्ताह आवश्यक काम के न्यूनतम घंटे (15 और 40 के बीच)
- समझौते की अवधि (26 सप्ताह तक)।

यदि आपको वेतन सब्सिडी की पेशकश की जाती है, तो आपको कर्मचारी द्वारा काम शुरू करने के 28 दिनों के भीतर अपने प्रदाता से भेजे गए ईमेल लिंक के माध्यम से समझौते को मंजूरी देनी होगी।

भुगतान के लिए योग्यता प्राप्त करने के लिए आपको समझौते के सभी नियमों और शर्तों को पूरा करना होगा। अपने समझौते को ध्यान से पढ़ें और यदि आपके कोई प्रश्न हैं तो अपने प्रदाता से पूछें।

क्या आप और अधिक जानकारी चाहते/ती हैं?

- https://www.workforceaustralia.gov.au/businesses/help/hire/providers/ पर एक स्थानीय प्रदाता के लिए खोजें
- राष्ट्रीय ग्राहक सेवा लाइन से 13 62 68 पर संपर्क करें
- https://www.workforceaustralia.gov.au/businesses/help/financial-support/wage-subsidies पर जाएँ

*विकलांगता रोजगार सेवाएं प्रदाता वेतन सब्सिडी सहायता भी प्रदान करते हैं, https://www.jobaccess.gov.au/service-providers/subsidised-wages-people-with-disability पर जाएं